4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 42 | MONDAY 23-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com



## गुस्ताखी माफ

बांटेंगे हम रेवड़ी, खुले हाथ इस बार।
लेकर अपनी झोलियां, हो जायें तैयार।
हो जायें तैयार, स्वाद सारों का चखना।
अगले साल चुनाव, ध्यान बस थोड़ा रखना।
कह साहिल कविराय, कई फीते काटेंगे।
हो जायें तैयार, रेवड़ी हम बांटेंगे।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

# वर्धमान ग्रुप के बाद लुधियाना की एक और नामी टेक्सटाइल कंपनी के साथ साइबर फ्रॉड, ईमेल आईडी हैक कर निकाले 50 लाखों रुपए

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। लुधियाना में साइबर ठगी का जाल लगातार फैलता जा रहा है। ठगों द्वारा ज्यादातर कारोबारियों को अपनी ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। जहां पहले पूरी दुनिया में टेक्सटाइल सेक्टर में अपना नाम कमाने वाली लुधियाना से संबंधित वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड के एमडी एस.पी. ओसवाल के साथ साइबर ठगों द्वारा सात करोड़ रुपए की ठगी की गई थी।

वहीं, उक्त मामले के बाद अब शहर की और नामी कॉर्पोरेट टेक्सटाइल कंपनी के साथ साइबर फ्रॉड होने का मामला सामने आया है। चर्चा है कि उक्त टेक्सटाइल कंपनी के एक उच्च अधिकारी की साइबर ठगों द्वारा पहले ऑफिशियल ईमेल आईडी हैक की गई। जिसके बाद उक्त ईमेल आईडी के जरिए कंपनी के बैंक अकाउंट से 40 से 50 लाख रुपए की ट्रांजेक्शन कर ली गई। कंपनी के खाते से पेमेंट निकलने के बाद अधिकारियों को फ्रॉड का पता चला। जिसके बाद उनकी और से नेशनल साइबर हैल्प लाइन पर शिकायत की गई। इसी के साथ लुधियाना साइबर सैल में भी इस संबंधी शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



**देश की नामी कंपनियों में से एक है टेक्सटाइल फर्म...**जानकारी के अनुसार साइबर ठगी का शिकार हुई उक्त टेक्सटाइल फर्म लुधियाना के फोकल प्वाइंट एरिया में स्थित है और देश की नामी कंपनियों में से एक है। उक्त कंपनी का टेक्सटाइल सेक्टर में डंका बजता है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि साइबर ठगों द्वारा ज्यादातर बड़ी फर्मों को ही अपना निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे मामले इंडस्ट्रियल सेक्टर में चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

**वर्धमान ग्रुप के साथ हुई थी सात करोड़ की ठगी...**बता दें कि प्रसिद्ध उद्योगपति और वर्धमान टेक्सटाइल ग्रुप के एमडी पद्म भूषण एसपी ओसवाल से सितंबर 2024 में साइबर ठगों ने डिजीटल अरेस्ट बताकर सात करोड़ रुपये ठग लिए थे। गिरोह ने ओसवाल पर दबाव बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट, कस्टम, सीबीआई और दिल्ली पुलिस के नकली दस्तावेज तक दिखाए। इस मामले में लुधियाना साइबर सैल द्वारा ठगों के गिरोह के दो सदस्यों के गुवाहाटी निवासी अतनू चौधरी और आनंद कुमार को असम से गिरफ्तार कर उनसे 5.25 करोड़ रुपये के अलावा छह एटीएम और तीन मोबाइल बरामद किए थे। जिसके बाद बाकी आरोपी भी गिरफ्तार किए गए।

**ईमेल आईडी हैक करके की ठगी...**चर्चा है कि उक्त और नामी कॉर्पोरेट टेक्सटाइल कंपनी का खुद का ऑफिशियल डोमेन है। कंपनी द्वारा हर उच्च अधिकारी को ऑफिशियल ईमेल आईडी दी हुई है। कंपनी के ट्रांजेक्शन वाले खाते के साथ कंपनी द्वारा दी गई एक अधिकारी की ईमेल आईडी अटैच है। कंपनी द्वारा कुछ अधिकारियों को जरुरी कामों के लिए लिमिटेड पेमेंट करने की पावर दे रखी है, ताकि रुटीन के काम बाधित न हो। साइबर ठगों द्वारा उक्त ईमेल आईडी को पहले हैक किया गया। फिर उससे जरुरी जानकारी चुराई गई और उसके जरिए 40 से 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर दी गई।

**खाते से वेंडर्स को होती है पेमेंट...**
चर्चा है कि जिस खाते से ठगों द्वारा पेमेंट निकाली गई है, उससे कंपनी अपने वेंडर्स को पेमेंट अदा करती है। खाते से ठगों ने कई ट्रांजेक्शन के जरिए पेमेंट निकाली। रोजाना अधिकारियों द्वारा बैंक खाते का बैलेंस चैक किया जाता है। इसी तरह जब उन्होंने बैलेंस चैक किया तो वह कम था। जिसके बाद ट्रांजेक्शन्स की डिटेल निकाली गई। जिसके बाद उन्हें ठगी का पता चला।

## साइबर ठगी के पीड़ित को 6 महीने से नहीं मिला इंसाफ

*वहीं, जस्सियां रोड के गगन ने बताया कि उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा अगस्त 2025 में 55 हजार रुपए निकाले थे। जिसकी शिकायत नेशनल साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई और वह शिकायत जांच के लिए लुधियाना साइबर सैल के पास पहुंची। ठगों के एसबीआई बैंक की अलवर राजस्थान स्थित ब्रांच में 55 हजार पेमेंट स्टॉप है। छह महीने से थाने के चक्कर लगाने पर भी पेमेंट नहीं मिली। गगन का कहना है कि उसने किसी तरह पांच महीने की कोशिशों के बाद एसबीआई बैंक की ठगों के खाते की ट्रांजेक्शन डिटेल मंगवाई, लेकिन उसमें उसकी ट्रांजेक्शन गायब है। खुद फंसने के डर से बैंक अधिकारी सही जानकारी मुहैया नहीं करवा रहे। गगन अनुसार वह कई बार साइबर सैल के मुलाजिमों को उक्त बैंक अधिकारी को नोटिस जारी कर पेश होने के लिए कह चुके हैं। अगर अधिकारियों को नोटिस जारी होगा, तो वह खुद सही डिटेल निकालकर देगें। मगर कम अमाउंट होने के कारण उसकी सुनवाई नहीं हो रही।*






# मैक ऑटो एक्सपो-2026 के तीसरे दिन रिकॉर्ड भीड़, उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया







लुधियाना, यूटर्न, 22 फरवरी। मैक ऑटो एक्सपोझ्र2026 के 15वें संस्करण का तीसरा दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब प्रदर्शनी में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़ी। गेट खुलते ही दर्शकों की निरंतर आवाजाही शुरू हो गई और सभी हॉल दिनभर खचाखच भरे रहे। व्यावसायिक चर्चाओं, उत्पाद डेमो और नेटवर्किंग गतिविधियों से पूरा परिसर उत्साहपूर्ण माहौल में डूबा रहा।

तीसरे दिन प्रमुख उद्योगपति, एमएसएमई मालिक, प्लांट हेड, प्रोडक्शन मैनेजर और खरीद विशेषज्ञ बड़ी संख्या में पहुंचे। अधिकांश विज़िटर स्पष्ट व्यावसायिक उद्देश्यों के साथ आए और आधुनिक मशीनरी, ऑटोमेशन सिस्टम व नवीन औद्योगिक समाधानों में गहरी रुचि दिखाई।

प्रदर्शकों ने इसे अत्यंत उत्पादक दिन बताते हुए कहा कि उन्हें मजबूत बिजनेस लीड्स और संभावित ऑर्डर मिले। लाइव मशीन डेमो और टेक्नोलॉजी शोकेस विशेष आकर्षण रहे। आगंतुकों ने एक ही छत के नीचे विभिन्न तकनीकों की तुलना और मूल्यांकन को बड़ा लाभ बताया।

रिकॉर्ड उपस्थिति ने मैक ऑटो एक्सपो की बढ़ती विश्वसनीयता और औद्योगिक महत्व को रेखांकित किया। आयोजन ने सहयोग, निवेश और औद्योगिक विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया।

# लुधियाना में भारत का पहला हाईवे-शहरी पार्किंग मॉडल शुरू, 7 करोड़ का पायलट बनेगा राष्ट्रीय मिसाल





लुधियाना, यूटर्न, 22 फरवरी। पंजाब में शहरी बुनियादी ढांचे और संगठित पार्किंग प्रबंधन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने लुधियाना में देश के पहले हाईवे-शहरी पार्किंग पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) द्वारा विकसित यह परियोजना एलिवेटेड हाईवे के साथ और नीचे कम उपयोग वाली जगहों के वैज्ञानिक उपयोग का अनूठा मॉडल प्रस्तुत करती है। इस अवसर विधायक दलजीत भोला, विधायक कुलवंत सिद्धू, डीसी हिमांशु जैन, निगम कमिश्नर

एडीसी अमरजीत बैंस, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट चेयरमैन तरसेम भिंडर, कपिल सोनू सहित असंख्य मौजूद रहे करीब 7 करोड़ रुपये के निवेश से डीबीओटी (डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट, ट्रांसफर) मॉडल पर विकसित होने वाला यह प्रोजेक्ट छह माह में पूरा होगा और 10 वर्ष की रियायत अवधि के तहत संचालित किया जाएगा। इसके तहत लगभग 750 संगठित कार पार्किंग स्लॉट तैयार किए जाएंगे। परियोजना भारत नगर चौक से सिधवां नहर और भारत नगर चौक से आईएसबीटी तक के कॉरिडोर को कवर करेगी, जहां एलिवेटेड सड़क के दोनों ओर 14 वास्तुशिल्प रूप से डिजाइन किए गए पार्किंग जोन विकसित होंगे। मंत्री अरोड़ा ने इसे लुधियाना की पुरानी पार्किंग कमी और ट्रैफिक जाम की समस्या का संरचित समाधान बताया। उन्होंने कहा कि यह मॉडल न केवल सड़क किनारे अव्यवस्था कम करेगा, बल्कि यातायात अनुशासन, सड़क सुरक्षा और शहरी सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा देगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह पायलट सफल रहा तो पंजाब सहित देश के अन्य शहरों में भी दोहराया जा सकता है, जिससे शहरी गतिशीलता और निवेश माहौल को नई गति मिलेगी।

## सिपाही अवतार सिंह की सड़क हादसे में मृत्यु, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार





पंचकूला, यूटर्न, 22 फरवरी। 21 फरवरी 2026 की देर शाम हुए एक सड़क हादसे में हरियाणा पुलिस के सिपाही अवतार सिंह (नं. 609) का दुखद निधन हो गया। उनकी पैरेंट यूनिट पंचकूला थी और वे वर्तमान में हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति पर तैनात थे। उनके असामयिक निधन से परिवार और पुलिस विभाग में शोक की लहर है। स्वर्गीय अवतार सिंह का अंतिम संस्कार 22 फरवरी को अंबाला जिले के कराधान गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके पुत्र जशनदीप सिंह ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उनके पिता मंगल सिंह, माता रंजीत कौर, पत्नी गुरप्रीत कौर, भाई जागताश सिंह, बहन रजिंदर व बलजींदर, बेटी सिमरन कौर सहित परिजन, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पंचकूला पुलिस की टुकड़ी ने निरीक्षक पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में शोक सलामी दी। 15 जनवरी 1977 को जन्मे अवतार सिंह ने 12वीं के बाद सेना में सेवा दी और 28 जुलाई 2014 को हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए। एडीजीपी नवदीप सिंह विर्क और पुलिस आयुक्त शिवास कविराज सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक व्यक्त किया।


## ट्रक की टक्कर से बड़ा हादसा टला, ऑटो कार में सवार तीन लोग बाल-बाल बचे





जीरकपुर, यूटर्न, 22 फरवरी। जीरकपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ऑटो कार में सवार तीन लोग बाल-बाल बच गए, हालांकि गाड़ी के दोनों दरवाजे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

**इस संबंध में जानकारी देते हुए अल्टो...**




चालक वरिंदर कुमार ने बताया कि वह अपने दोस्त और उनकी 7 साल की भांजी के साथ जीरकपुर की ओर जा रहे थे। पंचकुला जीरकपुर फ्लाई ओवर से ठीक पहले, होटल क्लोरिन के सामने (उल्टे हाथ) अचानक एक ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

हादसे में गाड़ी के दोनों दरवाजे डैमेज हो गए, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित हैं। वरिंदर कुमार ने बताया कि घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और ट्रक चालक की पहचान व जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया जारी है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 सोमवार, 23 फरवरी 2026



पेज 06 महंत प्रवीण चौधरी जी ने आखंड यज्ञ के निर्विघ्न...

# किसानों का मनरेगा में बदलाव और यूएस डील के विरोध में प्रदर्शन, विधायक के घर का घेराव किया

जगराओं/यूटर्न/22 फरवरी। यूनाइटेड किसान मोर्चा के आह्वान पर जगराओं में किसानों और मजदूरों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय विधायक सरबजीत कौर मानूके के निवास के बाहर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा देने और किसान-विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर देश को आर्थिक रूप से गुलाम बनाने की साजिश रची है। उन्होंने मांग की कि किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए खेती-बाड़ी को किसी भी अंतरराष्ट्रीय



व्यापार समझौते से पूरी तरह बाहर रखा जाए।

### किसानों और मजदूरों ने कई मांगें उठाईं

किसानों और मजदूरों ने कई अन्य मांगें भी उठाईं। इनमें बिजली एक्ट और बीज एक्ट को रद्द करना, मनरेगा योजना को बहाल करना, नए लेबर कोड को खत्म कर पुराने श्रम कानून लागू करना, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाना और पावरकॉम द्वारा उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे नोटिस बंद करना शामिल था। प्रदर्शनकारियों ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने और सभी विभागों में नियमित भर्तियां शुरू करने की भी मांग की।

### पुलिस अत्याचार की कड़ी निंदा की

प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में बठिंडा में पंजाब पुलिस द्वारा किसानों पर पुलिस अत्याचार की कड़ी निंदा की। उन्होंने संबंधित एसएसपी को तत्काल निलंबित करने की मांग भी की। प्रदर्शन के दौरान विधायक सरबजीत कौर मानूके मौके पर पहुंचीं और प्रदर्शनकारियों से मांग पत्र स्वीकार किया। इसके बाद किसानों और मजदूरों ने जीटी रोड पर स्थित बीजेपी दफ्तर तक मार्च किया। वहां चल रही पार्टी मीटिंग के बाहर भी जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

# 28 लाख से बनेगा मल्टीपल ग्राउंड, ग्रामीणों में खुशी



डेराबस्सी /यूटर्न/22 फरवरी। ग्राम पंचायत सुंडरां की ओर से गांव के विकास को लेकर एक अहम पहल की गई है। सरपंच परमजीत कौर और पंचायत सदस्यों की अगुवाई में सुंडरां से मोरठीकरी जाने वाले रास्ते पर मल्टीपल ग्राउंड का निर्माण कराया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 28 लाख रुपये की लागत आएगी। गांव के लोगों की यह मांग काफी समय से चली आ रही थी। युवाओं को खेल मैदान की सुविधा न होने के कारण उन्हें अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था। अब मल्टीपल ग्राउंड बनने से गांव के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही गांव में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। सरपंच परमजीत कौर ने बताया कि पंचायत गांव के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। पंचायत सदस्यों ने कहा कि यह ग्राउंड गांव की लंबे समय से चली आ रही जरूरत थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का पंचायत और ग्रामीणों ने आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक के सहयोग से ही यह प्रोजेक्ट संभव हो सका है। ग्राउंड के निर्माण से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

# तरनतारन पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, सरपंच हत्याकांड में मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार, दोनों को लगी गोली

तरनतारन/यूटर्न/22 फरवरी। तरनतारन पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद सरपंच हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि यह कार्रवाई नसेरा पन्नू के पास हुई, जिसमें दोनों आरोपियों को गोली लगने से घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दरअसल पुलिस को मिली सूचना के आधार पर सीआईए तरनतारन और सरहाली पुलिस की टीमों ने कल शाम से ही विभिन्न स्थानों पर जाल बिछाया था। इस दौरान आज नसेरा पन्नू के पास नदी के किनारे लगाए गए ट्रैप के दौरान



एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोका गया। जहां बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। वहीं पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों बाइक सवारों के पैरों में गोली लगी।

### बाकी आरोपियों की तलाश जारी

घायल बदमाशों की पहचान शानप्रीत सिंह चोहला साहिब और हरदीप चोहला साहिब के रूप में हुई है।

इनमें से शानप्रीत सिंह सिद्धू फार्म में हुए सरपंच हत्याकांड के चार मुख्य आरोपियों में से एक है। लिस के अनुसार, शानप्रीत सिंह की मौके पर मौजूदगी और फायरिंग में उसकी भूमिका की जांच की जा रही है। इस गिरफ्तारी से सरपंच हत्याकांड के अन्य आरोपियों की पहचान करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# श्री कृष्णा मंदिर में भव्य हरिनाम संकीर्तन, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु



लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्ध पीठ) की ओर से श्री कृष्णा मंदिर, शास्त्री नगर में भव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर ट्रस्टियों द्वारा विधिवत रूप से श्री ठाकुर जी की पूजा-अर्चना संपन्न की गई।संकीर्तन की शुरूआत गणेश वंदना और ह्यहरे कृष्ण हरे रामह्व महामंत्र के सामूहिक जाप से हुई। जैसे ही भक्तों ने एक स्वर में नाम-स्मरण किया, पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। मंडल के केशव जोशी एवं विशाल अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रसपूर्ण धुनों, तालियों की गूंज और नाम-स्मरण से संपूर्ण वातावरण भक्ति, प्रेम और शांति से ओत-प्रोत हो गया। श्रद्धालुओं ने झूम-झूमकर भजनों का आनंद लिया। संकीर्तन मंडल का उद्देश्य हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से अधिक से अधिक भक्तों को श्री ठाकुर जी के नाम-रस से जोड़ना है।संकीर्तन के उपरांत श्री ठाकुर जी को भोग अर्पित कर विधिवत आरती की गई और सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजिंदर शर्मा, रमेश रंजन, राजीव गांधी, बिट्टू ऋषि, दीपक ऋषि, अनिल शुक्ला, लाजपत मित्तल, गौरव चौधरी, चरणजीव बहल, माधव कालड़ा, विशाल वशिष्ठ, शुभम ढल, सतीश वशिष्ठ, दिलप्रीत कालरा, राजीव खोसला, मनीष, अरुण टंडन, विशाल ढल, मुनीश नंदा, तरुण सलूजा, मुनिश बस्सी, हनी सिक्का, भव्य सिक्का, आन वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंडल द्वारा जानकारी दी गई कि अगला हरिनाम संकीर्तन 28 फरवरी, शनिवार को श्री बांके बिहारी मंदिर, चंद्र नगर में आयोजित किया जाएगा।

# गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'विंटर मस्ती 2026' का सफल आयोजन

डेराबस्सी, यूटर्न, 22 फरवरी। गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन, में सीनियर सिटीजंस के लिए आयोजित ह्यविंटर मस्ती 2026ह्व कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन मिलेनियम मानव सेवा चैरिटेबल संस्था द्वारा किया गया। सीनियर सिटिजन वेलफेयर अवेयरनेस के अंतर्गत आयोजित इस सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों को सामाजिक रूप से सक्रिय रखना, उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना था। कार्यक्रम के दौरान सीनियर सिटीजंस ने विभिन्न प्रकार की मनोरंजक और



रोचक खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। खेलों के माध्यम से जहां सभी ने खूब आनंद उठाया, वहीं एक-दूसरे के साथ समय बिताने का अवसर भी मिला। कई वरिष्ठ नागरिकों ने मंच पर आकर अपने विचार साझा किए और अपने जीवन के अनुभवों से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए, जिससे वातावरण भावुक और प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे नवीन कुमार जो पतंजलि से संबंधित हैं, ने योग और आयुर्वेद के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योग, प्राणायाम और आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ और ऊर्जावान रहा जा सकता है।

Uturn Time 23 Feb 2026_Layout 2 22-02-2026 23:22 Page 4



# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार, 14 दिन की न्यायिक हिरासत भेजा

पंचकूला/यूटर्न/22 फरवरी। पंचकूला पुलिस ने महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के हवाले किया तथा आरोपी को अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता द्वारा थाना चण्डीमन्दिर में दी गई शिकायत में बताया गया कि उसकी




नाबालिग पुत्री को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धारा 137(2), 96 बीएनएस व पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान चण्डीमन्दिर पुलिस थाना टीम ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल सिंह के नेतृत्व में तत्परता से कार्रवाई करते हुए पीड़िता को दिल्ली से सुरक्षित बरामद किया और उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तथा अदालत में पेश किया गया, जहाँ से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में आगे की जांच जारी है। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा: 'पंचकूला पुलिस बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

इस मामले में टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया और आरोपी को कानून के अनुसार गिरफ्तार किया गया। अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।'

## पानी संरक्षण को लेकर निरंकारी मिशन का मजबूत कदम, 'प्रोजेक्ट अमृत' का चौथा चरण आयोजित





डेराबस्सी/यूटर्न/22 फरवरी। मानव सेवा और प्रकृति संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा ह्यप्रोजेक्ट अमृतह्न के तहत ह्लस्वच्छ जलझ्रस्वच्छ मनह्व अभियान का चौथा चरण रविवार सुबह 8 बजे से 11 बजे तक देशभर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम माता सुदीक्षा जी महाराज के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। इसी क्रम में डेराबस्सी और भांखरपुर शाखा के करीब 400 संत सेवादारों ने घग्गर नदी के किनारों की सफाई की। डेराबस्सी संयोजक बहन गुरचरण कौर ने बताया कि यह अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों पर एक साथ चलाया गया, जिससे जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचा। इस अवसर पर भांखरपुर शाखा प्रमुख गुरदास ओबरॉय और क्षेत्रीय संचालक राजेश गौड़ भी उपस्थित रहे।

सफाई अभियान के उपरांत उसी स्थान पर सत्संग का आयोजन किया गया। मिशन के अनुसार इस पहल का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणादायक शिक्षाओं से प्रेरित होकर वर्ष 2023 में भारत सरकार के सहयोग से ह्यप्रोजेक्ट अमृतह्न की शुरूआत की थी। नदियों, झीलों, तालाबों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण को समर्पित यह जनआंदोलन पहले तीन चरणों में भी व्यापक भागीदारी का उदाहरण पेश कर चुका है। चौथे चरण में और अधिक संगठित रूप से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। गीत, समूहगान, जागरूकता संगोष्ठियों और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जलजनित रोगों और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला जा रहा है।

मिशन का संदेश है कि स्वच्छ जल से स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित और संतुलित रूप में संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## अवैध बोरवेल पर नगर परिषद की चुप्पी, अधिकारी जिम्मेदारी से बचते नजर आए

जीरकपुर /यूटर्न/22 फरवरी। जीरकपुर शहर में अवैध रूप से लगाए जा रहे ट्यूबलों (बोरवेल) का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

शहर के विभिन्न इलाकों में लगभग 12 से 15 स्थानों पर पहले भी अवैध ट्यूबल लगाए जाने की शिकायतें नगर परिषद को दी जा चुकी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इंफोर्समेंट टीम मौके पर पहुंचती जरूर है, लेकिन सिर्फ खानापूर्ति कर लौट आती है। किसी भी अवैध ट्यूबल को स्थायी रूप से बंद नहीं करवाया जाता।



**अधिकारी एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी...** मामले में जब नगर परिषद के इंस्पेक्टर अशोक से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि संबंधित अधिकारी के कहने पर ही कार्रवाई होगी। वहीं,जेई सावनीत सिंह ने कहा कि उनका काम केवल सरकारी बोरवेल लगवाने तक सीमित है, जबकि अवैध बोरवेल रुकवाने की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर अशोक की है। इस बयानबाजी से साफ है कि अधिकारी जिम्मेदारी तय करने के बजाय एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

**छत गांव में तुरंत कार्रवाई, शहर में चुप्पी क्यों?...** हाल ही में छत गांव के कब्रिस्तान में अवैध बोरवेल लगाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। उस समय नगर कौंसिल के इंस्पेक्टर अशोक और ड्राफ्ट्समैन पंकज चौधरी, कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी के निर्देश पर तुरंत मौके पर पहुंचे और काम रुकवाया गया। इसके बाद कार्यकारी अधिकारी ने इस मामले की शिकायत जीरकपुर थाना पुलिस को भी दी थी। लेकिन सवाल यह है कि जब छत गांव में तुरंत कार्रवाई हो सकती है, तो शहर के अन्य हिस्सों में अवैध रूप से लग रहे ट्यूबलों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जा रही?

**जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर फिर नया अवैध ट्यूबल...** अंबाला हाईवे पर एयरसेल स्टोर के साथ पार्किंग एरिया में अवैध रूप से ट्यूबल लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को व्हाट्सएप पर तस्वीरों सहित शिकायत भेजी गई। इंस्पेक्टर अशोक को भी जानकारी दी गई, लेकिन उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि यह मामला किसी अन्य अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में आता है। हालांकि, शहर में अन्य स्थानों पर ट्यूबल संबंधी शिकायतों पर इंस्पेक्टर अशोक स्वयं मौके पर जाते रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी अवैध ट्यूबल को स्थायी रूप से बंद नहीं करवाया गया।

**आखिर कब होगी ठोस कार्रवाई?...** शहरवासियों का सवाल है कि क्या कार्रवाई सिर्फ चुनिंदा मामलों में ही होगी? क्या नगर कौंसिल के पास अवैध ट्यूबलों को रोकने की स्पष्ट नीति नहीं है? या फिर कहीं न कहीं मिलीभगत के आरोपों की जांच की आवश्यकता है? जब तक जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक शहर में अवैध ट्यूबलों का यह खेल यूं ही जारी रहने की आशंका बनी रहेगी।

## कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन से देश की जनता आक्रोशित - अजय मित्तल

कुलदीप सैनी

पंचकूला/यूटर्न/22 फरवरी। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने दिल्ली में आयोजित विश्वस्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समिट के दौरान कांग्रेस द्वारा किये गए प्रदर्शन पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा अर्धनग्न अवस्था में किया गया प्रदर्शन देश की छवि को



अंतरराष्ट्रीय मंच पर धूमिल करने का घृणित प्रयास है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की इस हरकत से देश के आम नागरिकों में गहरी नाराजगी तो है ही, साथ ही कांग्रेस के अपने सहयोगियों ने भी उनकी इस हरकत से दूरी बना ली है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति किसी एक दल की नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और परिश्रम का प्रतिनिधित्व करती है, कांग्रेस द्वारा इसे कमजोर करने का कोई भी प्रयास देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। अजय मित्तल ने कहा, एआई समिट भारत को विश्व स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आयोजन था जिसकी सराहना पूरी दुनिया में हो रही है। उन्होंने कहा, ऐसे मौके देश की उपलब्धियों पर गर्व करने और एकजुट होकर आगे बढ़ने के होते है।

## डेराबस्सी में हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद हो रही डी सिल्टिंग:एन के शर्मा

- संगरूर के लोग किसानों की जमीन से निकाल रहे मिट्टी
- पूर्व विधायक ने अमलाला व आसपास के क्षेत्रों में सुनी किसानों की समस्याएं





डेराबस्सी/यूटर्न/22 फरवरी। डेराबस्सी के पूर्व विधायक एनके शर्मा ने पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा स्टे किए जाने के बावजूद डेराबस्सी इलाके में डी सिल्टिंग (नदी की सफाई) किए जाने का आरोप लगाया है। एन के शर्मा किसानों की मांग पर रविवार को अमलाला व आसपास के क्षेत्रों में पहुंचे जहां जेसीबी व पोक लेन मशीनों से मिट्टी की खुदाई चल रही थी। ट्रेक्टर ट्रालियों, टिप्परों से मिट्टी की ढुलाई हो रही थी। किसान हरदीप सिंह, हरचरण सिंह अमलाला, जगतार सिंह, रतन सिंह फौजी, बलबीर सिंह ने बताया कि यहां पिछले करीब एक महीने से डी सिल्टिंग के नाम पर खुदाई चल रही है।

संगरूर निवासी जगपाल संधू के नाम पर कारिंदे यहां मिट्टी भर रहे हैं और किसानों की सुविधा के लिए लगाया गया पत्थरों का बांध तोड़ दिया गया है। घग्गर नदी किनारे खड़े कई बेशकीमती पेड़ तक उखाड़ दिए गए हैं। पूर्व विधायक शर्मा ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद वहां मौजूद जेई से बात की तो उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों की प्रति उन तक नहीं पहुंची है। शर्मा ने जब एसडीएम से बात की तो उन्होंने कहा कि किसी को भी साइट अलाट नहीं की गई है।

एसडीएम ने यहां माइनिंग से अनभिज्ञता जताई। पत्रकारों से बातचीत में पूर्व विधायक ने कहा कि अधिकारी किसी प्रकार की जानकारी होने से इनकार कर रहे हैं और मौके पर मशीनों द्वारा दिन रात खुदाई करके अमलाला व आसपास के किसानों को बर्बाद किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि वह इस मामले में जिला उपायुक्त को शिकायत देंगे और हाई कोर्ट की अवमानना का केस भी दायर किया जाएगा।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 सोमवार, 23 फरवरी 2026



पेज 12 वैल्यू लाइफ फाउंडेशन व सुजुकी मोटरसाइकिल...

# 54वां स्वच्छ रोज फेस्टिवल 'जीरो बजट, जीरो वेस्ट' थीम के साथ संपन्न






चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। सेक्टर-16 स्थित जाकिर हुसैन रोज गार्डन में आयोजित 54वां स्वच्छ रोज फेस्टिवल रविवार को भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हो गया। ह्यजीरो बजट, जीरो वेस्टह्व थीम पर आधारित इस तीन दिवसीय उत्सव ने फूलों की रंगत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सतत विकास के संदेश से लोगों को आकर्षित किया। समापन समारोह में यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजेश प्रसाद मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ मेयर सौरभ जोशी, गृह सचिव-कम-सेक्रेटरी लोकल गवर्नमेंट मंदीप सिंह बराड़, नगर निगम के विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस बार आयोजन नगर निगम के बजट से बिना कोई राशि खर्च किए किया गया, जो प्रशासनिक नवाचार और दक्षता का उदाहरण है। ह्यजीरो वेस्टह्व मॉडल ने स्वच्छता के साथ राजस्व सृजन की नई दिशा भी दिखाई। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए निगम की प्रतिबद्धता की सराहना की।

मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि मंच ने स्थानीय कलाकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। समारोह में पुष्प प्रदर्शनी और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

आयोजन ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का सशक्त संदेश दिया।

# एसकेएम के आह्वान पर विधायक कार्यालय के बाहर तीन घंटे धरना



लालडू/यूटर्न/22 फरवरी। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आह्वान पर विभिन्न किसान और कर्मचारी संगठनों ने क्षेत्रीय विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के कार्यालय के बाहर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौता, बिजली बिल 2025, बीज बिल, मनरेगा की जगह लाई जा रही वीबीजी रामजी योजना और चार लेबर कोड से किसानों, मजदूरों और आम वर्ग को होने वाले नुकसान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आरोप लगाया कि ये कानून कॉरपोरेट घरानों के हित में बनाए जा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि भले ही ये कानून केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हों, लेकिन इस मामले में पंजाब सरकार की चुप्पी भी चिंताजनक है और राज्य सरकार इन नीतियों को लागू कराने में सहयोग कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने बठिंडा में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की भी निंदा की। उनका कहना था कि पहले लंबा संघर्ष कर तीन कृषि कानून रद्द करवाए गए थे, लेकिन अब उन्हें अलग-अलग नामों और रूपों में दोबारा लागू करने की कोशिश की जा रही है।

धरने को भारतीय किसान यूनियन उगराहां, कुल हिंद किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन लखोवाल, पुआध किसान यूनियन, ऑल इंडिया किसान सभा, जमहूरी किसान सभा, बिजली विभाग के सीएचबी ठेका कर्मचारी और पेंशनर्स एसोसिएशन के नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि अधिकारों की रक्षा के लिए सभी संगठनों को एकजुट होकर निरंतर संघर्ष करना होगा।

# ला-प्रिज्मा सोसाइटी ने किया नशा माफिया के खिलाफ एकजुटता का आह्वान



जीरकपुर/यूटर्न/22 फरवरी। चंडीगढ़-अंबाला हाईवे स्थित नगला रोड की ला-प्रिज्मा सोसाइटी में आज पंजाब सरकार की 'नशा मुक्ति यात्रा' अभियान के तहत एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जोनल हेड अनु बब्बर सहित कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया और समाज को नशे की दलदल से बाहर निकालने के लिए रणनीति साझा की। क्लब हाउस में आयोजित इस सभा को संबोधित करते हुए अनु बब्बर ने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार राज्य से नशा कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने रेजिडेंट्स से अपील की कि यदि उनके आसपास नशा बेचने वालों या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो बिना डरे इसकी सूचना नजदीकी थाने में दें। उन्होंने जोर दिया कि नशा माफिया की कमर तोड़ने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। इस विशेष अभियान में सोसाइटी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन और अमन सैनी ने अहम भूमिका निभाई। स्थानीय निवासियों ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि वे अपनी सोसाइटी और आसपास के क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर भी चर्चा की गई।

# स्व. कश्मीरी लाल चावला की 24वीं बरसी पर 73वां मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप आयोजित



जगरांव/यूटर्न/22 फरवरी। मानव सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लोक सेवा सोसायटी (रजि.) जगरांव ने स्वर्गीय कश्मीरी लाल चावला की 24वीं बरसी पर 73वां मुफ्त मोतियाबिंद (सफेद मोतिया) ऑपरेशन कैंप आयोजित किया। यह कैंप शंकरा आई अस्पताल, लुधियाना और चावला परिवार के सहयोग से डीएवी कॉलेज जगरांव के पास लम्मियां वाला बाग में लगाया गया। कैंप का उद्घाटन गुरविंदर चावला, रविंदर चावला और अशोक चावला ने किया। सोसायटी के चेयरमैन गुलशन अरोड़ा, प्रधान मदन लाल अरोड़ा, सेक्रेटरी डॉ. कुलभूषण गुप्ता और कैशियर सुनील बजाज ने बताया कि कैंप में 156 मरीजों की विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की गई। इनमें से 52 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका मुफ्त ऑपरेशन शंकरा अस्पताल, मुल्लांपुर में किया जाएगा। साथ ही मरीजों के शुगर टेस्ट भी निःशुल्क किए गए। चावला परिवार ने सोसायटी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुखजिंदर सिंह ढिल्लों, मनोहर सिंह टक्कर, सुखदेव गर्ग, राजीव गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भंडारा लगाने से भरपूर होते हैं अन्न के भंडार - डिंपल राणा



लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। जय मां सरस्वती वैल्फेयर सोसायटी की तरफ से स्थानीय इन्द्र विहार कॉलोनी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में महंत मुकेश जी की अध्यक्षता विशाल भंडारा लगाया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष डिंपल राणा ने बतौर मुख्यतिथि शामिल होकर लंगर वितरित कर किया। भजन गायक कुमार संजीव ने भोले बाबा का गुणगान कर भाव विभोर किया। डिंपल राणा ने उपस्थित जनसमूह को शिवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए कहा अन्न दान से मानव जीवन का कल्याण होता है। भंडारा लगाने से अन्न के भंडारे भरपूर होते है। उन्होंने कहा भंडारे, संकीर्तन व शोभा यात्राएं सनातन धर्म की मूल पहचान है। इस अवसर पर हिमाचल परिवार संगठन से राजेश रत्न भारद्वाज, पवन कालिया परिवार, के.के सूरी, सोनू मिगलानी, सोनिया रुहानी, बलविन्द्र सिंह लाडी, सोनी, साहिल, माधव खन्ना, विनोद कुमार बिट्टू, अनूप आहूजा, पवन कुमार, अनुपम आहूजा, डा. दीपक गुप्ता, राजेश भारद्वाज, किशन लाल, सुनील शर्मा,गुरीश, विपन पूरी सहित काला रियल एस्टेट, सिमरन,ज्यूल्र्ज, राम मैडिकल स्टोर, युवी मोबाइल हब, शर्मा करियाना स्टोर, के3 फिटनैस हब ने भंडारे में विशेष योगदान दिया।

Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with

Hot Breads
0161-4603333, 5012222

2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C

FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# महंत प्रवीण चौधरी जी ने आखंड यज्ञ के निर्विघ्न संपन होने पर मां बगलामुखी सहित सेवको का जताया आभार





लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। मां बगलामुखी धाम में आयोजित 243 घंटे के आखंड यज्ञ के निर्विघ्न संपन होने पर महंत प्रवीण चौधरी जी ने समूह धाम सेवको सहित मां बगलामुखी के चरणों में नतमस्तक होकर आभार व्यक्त किया। समुह प्रबंधक कमेटी ने आदरणीय महंत प्रवीण जी को नमन किया, जिनके मार्गदर्शन में ऐसा भव्य आयोजन निर्विघ्न संपन्न हुआ। वहीं महंत जी ने यज्ञ के दौरान चौबिसो घंटे प्रंबधो को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए सेवा करने वाले सेवको के योगदान को नमन किया।संपूर्ण सेवक समिति ने माननीय मनप्रीत छतवाल, सुनील महाजन , रमन घई एवं जतिंदर सूद के कुशल नेतृत्व की सराहना की, जिन्होंने महायज्ञ के दोरान धाम की व्यवस्था एवं मयार्दा को बनाये रखने महत्तवपूर्ण योगदान दिया। यज्ञ के दौरान देश-विदेश से पधारे लाखों भक्तों सहित धार्मिक,सामाजिक, राजनितिक व व्यापारिक संस्थाओ से जुड़े प्रतिनिधियो का अभिनंदन करते हुए कहा आखंड यज्ञ स्थल पर कुंभ मेले



जैसा श्रद्धा व उत्साह देखने को मिला।

यज्ञ आरम्भ होने से लेकर पूर्णहुति तक प्रतिदिन स्कूली छात्रो की उपस्थिति का जिक्र करते हुए महंत जी ने कहा देश की भावी पीढ़ी ( बच्चो) में शिक्षा के साथ-साथ अध्यत्मिकता का संचार भारतीय संस्कृति को जीवित रखने के लिए जरुरी है। सनातन धर्म के संत-महापुरुषो, विद्धानों, प्रचारकों महिला संकीर्तन मंडल भजन गायको की तरफ से दिए सहयोग पर उन्होने कहा बगलामुखी धाम में आयोजित अध्यात्मिकता के पवित्र कुंभ में किसी ने आहुतियां डालकर, किसी ने सेवा के माध्यम से किसी ने प्रबंधो में सहयोग करके, किसी ने तन, किसी ने मन से किसी स्वयंसेवक के धन से सेवा करके स्नान करके योगदान दिया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Intestate Succession: यदि Will न हो तो संपत्ति कैसे बँटती है?**

जब कोई व्यक्ति बिना वसीयत (Will) बनाए दुनिया से चला जाता है, तो उसकी संपत्ति का बँटवारा "Intestate Succession" के नियमों के अनुसार होता है। इसका मतलब है कि संपत्ति मृतक की इच्छा के अनुसार नहीं, बल्कि कानून द्वारा निर्धारित क्रम में बाँटी जाएगी।

हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय के लिए सामान्यत: Hindu Succession Act लागू होता है। इस कानून के तहत सबसे पहले Class I Heirs को अधिकार मिलता है। इनमें आमतौर पर पत्नी, पुत्र, पुत्री और माता शामिल होते हैं। इन सभी को बराबर हिस्सा मिलता है। बेटी का अधिकार पुत्र के बराबर है—चाहे विवाह हो चुका हो या नहीं। यदि Class I Heirs मौजूद नहीं हों, तो संपत्ति Class II Heirs को जाती है—जैसे पिता, भाई, बहन आदि। यदि कोई निकट संबंधी उपलब्ध न हो, तो संपत्ति दूर के संबंधियों तक जा सकती है। अंतिम स्थिति में, यदि कोई वारिस न मिले, तो संपत्ति राज्य (Government) को चली जाती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि Intestate Succession केवल संपत्ति के अधिकार तय करता है। व्यावहारिक रूप से बैंक या वित्तीय संस्थाएँ भुगतान से पहले Succession Certificate या अन्य कानूनी प्रमाण मांग सकती हैं। Intestate मामलों में अक्सर विवाद की संभावना अधिक रहती है, क्योंकि स्पष्ट इच्छा दर्ज नहीं होती। इसलिए परिवार में भ्रम, हिस्सेदारी पर मतभेद और मुकदमेबाजी आम हो सकती है।

निष्कर्ष:

Will न होने की स्थिति में कानून तय करता है कि संपत्ति किसे मिलेगी। Intestate Succession एक निश्चित ढाँचा देता है, लेकिन यह हमेशा परिवार की व्यक्तिगत इच्छा या विशेष परिस्थितियों को प्रतिबिंबित नहीं करता। स्पष्ट वसीयत भविष्य के विवादों से बचाव का अधिक सुरक्षित साधन है।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

### सी. बी. एल.ई. का यह कैसा भेदभाव?

सी. बी. एस. ई. द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षाएँ छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। विशेष रूप से गणित और फिजिक्स जैसे विषयों में प्रश्नपत्रों के अलग-अलग सेटबनाए जाते हैं। कई बार देखने में आता है कि कुछ सेट अपेक्षाकृत आसान होते हैं, जबकि कुछ काफी कठिन। इस असमानता के कारण कुछ विद्यार्थियों का पेपर बहुत अच्छा हो जाता है, वहीं कुछ छात्र पूरी मेहनत के बावजूद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाते। जब एक ही परीक्षा में अलग-अलग कठिनाई स्तर के प्रश्नपत्र हों, तो परिणामों में अंतर आना स्वाभाविक है। जिन छात्रों को आसान सेट मिलता है, उनके अंक अधिक आ सकते हैं, जबकि कठिन सेट पाने वाले छात्र कम अंक प्राप्त कर सकते हैं। इससे उनके कुल प्रतिशत, मेरिट सूची और आगे के प्रवेश अवसरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कई बार यह अंतर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास कोभी प्रभावित करता है। इसलिए आवश्यक है कि प्रश्नपत्रों के सभी सेटों का स्तर लगभग समान रखा जाए या फिर मूल्यांकन में संतुलन के लिए मॉडरेशन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। तभी सभी छात्रों को समान अवसर मिल सकेगा और उनके भविष्य पर किसी प्रकार का गलत प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(चारू नागपाल)

# श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस व गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर 22 को धर्म सम्मेलन



डेराबस्सी/यूटर्न/22 फरवरी। रविवार को निर्मल छाया सेंट्रल पार्क में श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस एवं गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस की स्मृति में विशाल धर्म सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा।

आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है।

कार्यक्रम की शुरूआत निर्मल छाया महिला मंडली द्वारा संकीर्तन से की जाएगी। इसके बाद श्रीराम मंदिर अयोध्या के स्थापना दिवस पर संक्षिप्त विचार रखे जाएंगे। सम्मेलन में गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके जीवन और त्याग पर प्रकाश डाला जाएगा। वक्ताओं द्वारा बताया जाएगा कि उन्होंने धर्म और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जो आज भी समाज को प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और समाज में सकारात्मक परिवर्तन जैसे विषयों पर भी उद्बोधन होगा।

आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता को मजबूत करते हैं।

सम्मेलन के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और लंगर की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

Uturn Time 23 Feb 2026_Layout 2 22-02-2026 23:22 Page 7



# सैनी की रैलियां नाटकबाजी, पंजाब को राहत चाहिए: पवन दीवान



लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। ज़िला कांग्रेस कमेटी लुधियाना (शहरी) के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पंजाब में हो रही रैलियों को 'सिर्फ राजनीतिक नाटकबाजी' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 2027 चुनावों को ध्यान में रखकर भाजपा वोट-बैंक की राजनीति कर रही है, जबकि पंजाब की असली समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। जारी बयान में दीवान ने कहा कि पंजाब को भाषणों की नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक राहत की जरूरत है। लंबित केंद्रीय ग्रांटों की तुरंत रिहाई, संघर्षरत उद्योगों के लिए विशेष पैकेज और कृषि अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि रैलियों से राज्य की वित्तीय और औद्योगिक चुनौतियां हल नहीं होंगी। 'पूर्वांचल सम्मान रैली' पर तंज कसते हुए दीवान ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के सम्मान की बातें खोखली हैं, क्योंकि उद्योगों की बदहाली का सीधा असर मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर रूरल डेवलपमेंट फंड सहित जरूरी संसाधन रोकने का आरोप लगाया और इसे पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार बताया। दीवान ने कहा कि जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है, ऐसे में राजनीतिक रैलियां वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास हैं।

# आईसीएसआई लुधियाना चैप्टर द्वारा 'Escrow & IPO – CMS Services' विषय पर स्टडी सर्कल आयोजित*



लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) – लुधियाना चैप्टर (एनआईआरसी) द्वारा मॉडल टाउन स्थित चैप्टर कार्यालय में एक स्टडी सर्कल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय "Escrow & IPO – CMS Services" रहा, जिसमें उद्योग एवं पेशेवरों की उत्साहजनक भागीदारी रही। इस अवसर पर यस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी श्री इंदर उवरे (Zonal Head – North, TFX & CMS) एवं सुश्री जस्मिन कौर (Regional Head – CMS North) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने IPO, fie-IPO और पोस्ट-IPO चरणों में बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने Escrow व्यवस्था, क्ढड प्रक्रिया में बैंकों की भूमिका, कैश मैनेजमेंट सर्विसेज (CMS) तथा Non-Convertible Debentures (NCDs) के माध्यम से पूंजी जुटाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी लुधियाना, जिसे 'मैनचेस्टर ऑफ इंडिया' के नाम से भी जाना जाता है, के उद्योगों के लिए संरचित और नियमानुसार पूंजी जुटाने की जानकारी अत्यंत आवश्यक है। भारत के वैश्विक एवं यूरोपीय संघ के व्यापारिक अवसरों की ओर बढ़ते कदमों के मद्देनजर उद्योगपतियों को पेशेवर मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

कंपनी सेक्रेटरी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में चैप्टर की अध्यक्षा सीएस कंचन भाटिया, पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे और अपने विचार साझा किए।

आईसीएसआई लुधियाना चैप्टर समय-समय पर उद्योग एवं पेशेवरों के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

# ईएसआईसी के 75वें स्थापना दिवस पर "Sundays On Cycle" का आयोजन




लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (एस्ढ) के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रखबाग पार्क, लुधियाना में ह्वर४ल्ल८२ डल्ल उ८ीह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ईएसआईसी उप-क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक (प्रभारी) श्री प्राणेश कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉ.) इंदर पंवार, डीन, तथा डॉ. अपराजिता सोफिया डीह्वसूजा, चिकित्सा अधीक्षक, ईएसआईसी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल, लुधियाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारतीय खेल प्राधिकरण के सहायक निदेशक श्री पुष्कर सिंह और श्री बलविंदर सिंह का भी आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्री सिन्हा ने कहा कि ईएसआईसी के 75 वर्ष सामाजिक सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं तथा सभी को फिट इंडिया अभियान अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक कर्मचारियों ने साइक्लिंग, योग और अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों में भाग लिया।

स्थापना दिवस समारोह के तहत 24 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# नशीली गोलियों के साथ 5 युवकों को किया गिरफ्तार, 3 वाहन जब्त

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22/फरवरी। थाना सिटी रायकोट की पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 व्यक्तियों को 22 नशीली गोलियों और 3 दोपहिया वाहनों के साथ गिरफ्तार किया है। मामले की जांच अधिकारी एल/एच.सी. जसपाल कौर ने बताया कि पुलिस पार्टी बरनाला चौक पर मौजूद थी, तभी मुखबिर ने गुप्त सूचना दी कि दविंदर सिंह उर्फ वीरू (निवासी कच्चा किला) सिक्की की मोटर पर अपने ग्राहकों को बुलाकर नशीली गोलियां बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत छापेमारी कर दविंदर सिंह और उसके 4 ग्राहको, गुरमीत सिंह रवि, परमिंदर सिंह जंटा, तुषार कुमार हनी और कर्मवीर सिंह कर्मी (सभी निवासी रायकोट) को मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से 22 नशीली गोलियां, एक बाइक और दो स्कूटी बरामद हुई। पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विधायक परगट सिंह का आप पर जुबानी वार, बोले-गुजरात में झूठ बोल रही आप पार्टी

जालंधर/यूटर्न/22 फरवरी। आप अब गुजरात के लोगों से झूठे बादे कर रही है। पंजाब के बारे में झूठा प्रचार किया जा रहा है। परगट सिंह ने कहा कि गुजरात जाकर आप सुप्रीमो कह रहे हैं कि पंजाब में 1 महीने के अंदर बाढ़ प्रभावितों को मुआवजा दिया गया। परगट सिंह ने सवाल उठाया कि पंजाब में कहां लोगों को मुआवजा मिला है। पंजाब में अगस्त में आई बाढ़ का मंजर अभी भी देखा जा सकता है। लोगों के प्रयास से बाढ़ प्रभावितों को मदद मिल पाई है। अभी भी लोग सरकार के मुआवजे का इंतजार कर रही है। आप सुप्रीमो अरविंदर केजरीवार पंजाब में बाढ़ पीड़ितों को मदद देने के गुजरात में झूठे वादे कर रहे हैं। पंजाब में आई बाढ़ को 6 महीने से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है। अभी भी बाढ़ प्रभावित हजारों परिवार सरकार से इंसान के इंतजार में बैठे हैं। परगट सिंह ने पंजाब की आप सरकार पर आरोप लगाया कि बाढ़ के चलते पंजाब के लोगों के घर-फसलें-पशुधन सब कुछ बर्बाद हो गया। जो मुआवजा मिला भी है, वह अधूरा है और देरी से मिल रहा है। बुनियादी ढांचे का जो नुकसान हुआ है, उसके लिए सरकार ने अभी तक कुछ नहीं किया है। बाढ़ के कारण टूटा बुनियादी ढांचा सरकार की बेरुखी का शिकार हुआ है।

## दो नशेड़ी गिरफ्तार, पर्चा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22/फरवरी। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार थाना सिद्धवां बेट के सहायक थानेदार सुखविंदर सिंह सहित पुलिस पार्टी गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के सिलसिले में किशनपुरा चौक में मौजूद थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर ने सूचना दी कि गुरमेल सिंह पुत्र बंता सिंह निवासी सेरेवाल तथा गुरप्रीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी बाघिया, थाना सिद्धवां बेट, कथित रूप से हेरोइन के नशे के आदी हैं और इस समय श्मशान घाट सिद्धवां बेट, जिला लुधियाना में बने एक कमरे के पास नशे की हालत में बैठे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को कथित नशे की हालत में काबू किया। इस संबंध में थाना सिद्धवां बेट में कानूनी कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## रेलवे फाटक के पास युवक से 12 नशीली गोलियां बरामद, पर्चा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22/फरवरी। लुधियाना देहाती पुलिस के अनुसार थाना दाखा के एएसआई गुरमीत सिंह सहित पुलिस पार्टी संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच करते हुए गांव मुल्लापुर से गांव तलवंडी खुर्द की ओर जा रही थी तभी सड़क किनारे खड़े एक युवक ने पुलिस वाहन को देखकर घबराहट दिखाई और मुड़कर नजदीकी कॉलोनी की ओर पैदल चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रोककर काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जगदीप सिंह उर्फ जस्सा पुत्र अजीत सिंह निवासी पुड़ैन, थाना दाखा बताया। पुलिस के अनुसार युवक द्वारा फेंका गया एक प्लास्टिक लिफाफा मौके से बरामद किया गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से 12 नशीली गोलियां मिलीं। इस संबंध में जगदीप सिंह उर्फ जस्सा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एएसआई गुरमीत सिंह द्वारा की जा रही है।

## डेरा रानी बला के पास देसी शराब सहित व्यक्ति गिरफ्तार, नौ बोतलें बरामद

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22/फरवरी। लुधियाना देहाती पुलिस के अनुसार थाना हठूर के एएसआई गीतइंदरपाल सिंह सहित पुलिस पार्टी संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए मुख्य चौक गांव हठूर में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सोमनाथ पुत्र देव सिंह, पोता भाग सिंह निवासी लाखा, जिला लुधियाना कथित रूप से अवैध देसी शराब बेचने का धंधा करता है और इस समय डेरा रानी बला के निकट गांव लाखा के सामने खाली पड़े शैलर की दीवार के पास शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सोमनाथ को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से नौ बोतल देसी शराब मार्का ह्वपंजाब हीर सोफीह्व बरामद की गई। इस संबंध में थाना हठूर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एएसआई गीतइंदरपाल सिंह द्वारा की जा रही है।

# पीएम मोदी ने मेरठ में भारत की सबसे तेज मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूरी तरह से चालू दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस), जिसे नमो भारत के नाम से जाना जाता है, का उद्घाटन किया। साथ ही, हाई-स्पीड मेरठ मेट्रो का भी उद्घाटन किया, जो उत्तर प्रदेश में शहरी और रीजनल कनेक्टिविटी में एक बड़ा मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री ने 82 किलोमीटर लंबे नमो भारत कॉरिडोर को हरी झंडी दिखाई, जिससे दिल्ली और मेरठ के बीच बिना रुकावट हाई-स्पीड यात्रा हो सकेगी। इस प्रोजेक्ट का मकसद नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में रोजाना आने-जाने के तरीके को बदलना है, जिससे यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा और सड़क पर भीड़भाड़ कम होगी।



## 180 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार

दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर, भारत का पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, 180 किलोमीटर प्रति घंटा तक की स्पीड के लिए डिजाइन किया गया है। इस सर्विस से दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा का समय एक घंटे से भी कम होने की उम्मीद है। यह कॉरिडोर दिल्ली में सराय काले खां, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ जैसे मुख्य शहरी केंद्रों को जोड़ता है।

## 30 मिनट में यात्रा करेगी पूरी

अपनी तरह के पहले इंटीग्रेशन में, नई मेरठ मेट्रो शहर के अंदर नमो भारत ट्रेनों जैसे ही इंफ्रास्ट्रक्चर पर चलेगी। मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक 13 स्टेशनों वाले 23 किलोमीटर के मेट्रो कॉरिडोर की टॉप ऑपरेशनल स्पीड लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो इसे देश की सबसे तेज मेट्रो सर्विस बनाती है। उम्मीद है कि मेट्रो अपनी एंड-टू-एंड यात्रा लगभग 30 मिनट में पूरी कर लेगी।

## अत्यआधुनिक सुविधों से लैस होगी ट्रेन

ट्रेनें मॉडर्न सुविधाओं से लैस हैं, जिनमें पूरी तरह से एयर-कंडीशन्ड कोच, सीसीटीवी सर्विलांस, एनर्जी-एफिशिएंट सिस्टम और पैसेंजर-फ्रेंडली फीचर्स जैसे महिलाओं और सीनियर सिटिजन के लिए खास सीटिंग शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि इंटीग्रेटेड रेल नेटवर्क से इकोनॉमिक एक्टिविटी को बढ़ावा मिलने, मोबिलिटी में सुधार होने, प्रदूषण कम होने और पूरे भारत में भविष्य के रैपिड ट्रांजिट प्रोजेक्ट्स के लिए एक बेंचमार्क सेट होने की उम्मीद है।

# कनाडा का परमिट संकट: लाखों लोग, ज्यादातर पंजाबी अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं, 2026 तक वीजा खत्म होना कारण



## पंजाबियों पर ज्यादा असर क्यों पड़ रहा है

पंजाबी कनाडा में भारतीय माइग्रेंट्स के सबसे बड़े ग्रुप में से एक हैं, खासकर इंटरनेशनल स्टूडेंट और पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क स्ट्रीम के तहत। कई लोग ऐसे सालों में आए जब कनाडा ने लेबर की कमी को पूरा करने के लिए इंटरनेशनल एनरोलमेंट और टेम्पररी विदेशी वर्कर्स को बढ़ावा दिया। हजारों लोगों के लिए, छिपा हुआ सोशल कॉन्ट्रैक्ट साफ था: पढ़ाई करो, कैनेडियन वर्क एक्सपीरियंस पाओ, और परमानेंट रेजिडेंसी में बदल जाओ। अब, जैसे-जैसे एलिजिबिलिटी लिमिट कम होती जाती है और एक्सप्रेस एंट्री कट-ऑफ ऊपर-नीचे होते रहते हैं, वह रास्ता बहुत कम अंदाजा लगाने लायक लगता है।

चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। कनाडा उस तरफ बढ़ रहा है जिसे इमिग्रेशन एक्सपर्ट परमिट क्लिफ कहते हैं, जिसमें लगभग 2.9 मिलियन टेम्पररी रेजिडेंट ऑथराइजेशन जिसमें वर्क परमिट और पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट शामिल हैं 2025 और 2026 तक खत्म होने वाले हैं। जिन लोगों पर असर पड़ा है उनमें से एक बड़ी संख्या पंजाबी हैं, जिनमें से कई ने पढ़ाई की है, काम किया है और ओंटारियो, ब्रिटिश कोलंबिया और अल्बर्टा जैसे प्रांतों में कम्युनिटी में बस गए हैं। ऑनलाइन वायरल हो रहे एक वीडियो में टेम्पररी रेजिडेंट के ग्रुप इंटरनेशनल ग्रेजुएट, स्किल्ड वर्कर और दूसरे परमिट होल्डर कनाडाई सरकार से वर्क ऑथराइजेशन बढ़ाने और परमानेंट रेजिडेंसी के लिए आसान रास्ते देने की अपील करते हुए दिख रहे हैं। उनकी निराशा उस बड़ी चिंता को दिखाती है जो ओटावा के इमिग्रेशन टारगेट को सख्त करने से इमिग्रेंट कम्युनिटी को जकड़ रही है।

## ओटावा के लिए पॉलिसी का पेंच

इमिग्रेशन, रिफ्यूजी और सिटिजनशिप कनाडा (क्फ्ळ्उ) ने प्रोसेसिंग में देरी और टारगेट बदलने की बात मानी है, लेकिन एक्सपायर हो रहे परमिट के लिए बड़े पैमाने पर, एक बार के नेशनल एक्सटेंशन की घोषणा नहीं की है। इसके बजाय, सरकार लेबर मार्केट की जरूरतों के हिसाब से टारगेटेड उपायों को पसंद करती दिख रही है। इससे पॉलिसी बनाने वालों को एक नाजुक स्थिति में डाल दिया गया है: स्किल्ड वर्कर की आर्थिक मांग और आबादी की बढ़ोतरी को धीमा करने और घरों के खर्च को मैनेज करने के जनता के दबाव के बीच बैलेंस बनाना।

## आगे क्या है

प्रभावित टेम्पररी निवासियों के लिए जिनमें से कई पंजाबी हैं आने वाला साल अहम होगा। ऑप्शन में एम्प्लॉयर-स्पेसिफिक वर्क परमिट लेना, प्रोविंशियल नॉमिनी प्रोग्राम के तहत क्वालिफाई करना, आगे की पढ़ाई के लिए एनरोल करना, या कनाडा को पूरी तरह से छोड़ना शामिल है। बड़ा सवाल यह है कि क्या कनाडा का बदलता इमिग्रेशन फ्रेमवर्क ग्रोथ पर आधारित मॉडल से सस्टेनेबिलिटी पर फोकस करने वाले मॉडल में बदल सकता है, बिना उसी वर्कफोर्स को अस्थिर किए जिसे उसने बुलाया था।

## चिंता के पीछे के नंबर

इमिग्रेशन एनालिस्ट का अनुमान है कि 2025 में लगभग 1.05 मिलियन टेम्पररी वर्क परमिट एक्सपायर हो गए और 2026 में 9.27 लाख और खत्म होने वाले हैं। जब तक इन्हें रिन्यू या किसी दूसरे स्टेटस में कन्वर्ट नहीं किया जाता, ये एक्सपायरी लाखों लोगों को खतरनाक कानूनी हालात में डाल सकती हैं। यह बढ़ोतरी फेडरल सरकार की उस योजना के साथ हुई है जिसमें 2027 तक टेम्पररी निवासियों की संख्या कनाडा की आबादी के लगभग 7 परसेंट से घटाकर 5 परसेंट करने की बात है। पॉलिसी में इस बदलाव का मकसद हाउसिंग, हेल्थकेयर और पब्लिक सर्विसेज पर दबाव कम करना है झ्र ये चिंताएँ हाल के सालों में रिकॉर्ड-हाई इमिग्रेशन के बीच और बढ़ गई हैं। हालांकि, रोलबैक का स्केल और टाइमिंग लेबर मार्केट और डायस्पोरा कम्युनिटीज पर असर डाल रहा है।

## इकोनॉमिक विरोधाभास

कम्युनिटी के हिमायतियों का तर्क है कि बड़े पैमाने पर एक्सपायरी से उन सेक्टर्स को नुकसान हो सकता है जो पहले से ही वर्कर्स की कमी का सामना कर रहे हैं झ्र इनमें टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, ट्रकिंग और कंस्ट्रक्शन शामिल हैं। टेम्पररी रेजिडेंट्स, खासकर पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट होल्डर्स, इन इंडस्ट्रीज का जरूरी हिस्सा बन गए हैं। आलोचकों का कहना है कि टेम्पररी आबादी को अचानक कम करने से शॉर्ट-टर्म लेबर गैप पैदा हो सकते हैं, प्रोडक्टिविटी धीमी हो सकती है, और भविष्य के इंटरनेशनल स्टूडेंट्स हतोत्साहित हो सकते हैं झ्र जो कैनेडियन कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज के लिए रेवेन्यू का एक मुख्य सोर्स है।

## शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बढ़ा

पॉलिसी में बदलाव के सपोर्टर का कहना है कि टेम्पररी माइग्रेशन में बिना रोक-टोक बढ़ोतरी की वजह से घरों की कमी और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बढ़ा है। उनका कहना है कि इमिग्रेशन सिस्टम में सामाजिक एकता और लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए रीकैलिब्रेशन जरूरी है।

## इमोशनल और फाइनेंशियल दांव ऊंचे

इमोशनल और फाइनेंशियल दांव ऊंचे हैं। पंजाब में कई परिवारों ने विदेश में पढ़ाई और सेटलमेंट के लिए भारी इन्वेस्ट किया झ्र अक्सर लोन के जरिए। सालों के इंटीग्रेशन के बाद जबरदस्ती वापस लौटने से न सिर्फ.लोगों के करियर में रुकावट आएगी बल्कि घर पर परिवारों पर भी दबाव पड़ेगा।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में तीन के खिलाफ मामला दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22/फरवरी। थाना सिटी जगराओं में एक नाबालिग लड़की को कथित रूप से बहला-फुसलाकर घर से ले जाने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार 17-18 फरवरी की दरमियानी रात नाबालिग लड़की घर से बिना बताए चली गई थी। परिजनों द्वारा तलाश के बाद संदेह जताया गया कि सरबजोत सिंह उर्फ गैरी, उसकी माता सीमा तथा बलजीत कौर ने कथित रूप से मिलीभगत कर लड़की को विवाह का झांसा देकर अपने साथ ले गए। शिकायत के आधार पर तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई बलविंदर सिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सेक्टर-33 डकैती केस में 8 साल बाद पुलिस की 'अनट्रेस' रिपोर्ट, डेढ़ करोड़ लूट का राज अब भी बरकरार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/22/फरवरी। शहर के पॉश सेक्टर-33 में कारोबारी अजीत जैन के घर हुई करीब डेढ़ करोड़ रुपये की सनसनीखेज डकैती का मामला आठ वर्ष बाद भी अनसुलझा है। लंबी जांच के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने जिला अदालत में ह्यअनट्रेसह्न रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट पर आगामी 1 मई को सुनवाई निर्धारित है। 10 जनवरी 2018 की शाम करीब 7:30 बजे चार नकाबपोश बदमाश पिस्टल के बल पर जैन परिवार के घर में घुस आए थे। उस समय घर पर कारोबारी की बेटी खुशबू जैन और दो नौकर मौजूद थे। बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर बंधक बना लिया और लॉकर की चाबी मांगी। विरोध करने पर खुशबू के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद उसने चाबी सौंप दी। आरोपियों ने लॉकर से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की नकदी और जेवरात लूट लिए और फरार हो गए। वारदात के तुरंत बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। शुरूआती जांच में सामने आया कि आरोपी काले रंग की हुंडई सैंट्रो कार में आए थे और मंकी कैप पहन रखी थी, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी। घर में करीब 20 मिनट तक ठहरने के दौरान वे आपस में इशारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पुलिस को शक हुआ कि आरोपियों को घर में रखे कीमती सामान की सटीक जानकारी थी और संभवत: किसी अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका हो सकती है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कार का रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट नहीं हो पाया। घर के कर्मचारियों और पड़ोसियों से भी पूछताछ की गई, मगर कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। घटना के लगभग दस दिन बाद कारोबारी के ड्राइवर ने जीरकपुर के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। इस एंगल से भी जांच की गई, लेकिन पुलिस को उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला। कई वर्षों तक चली पड़ताल, तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ के बावजूद जब पुलिस के हाथ कोई निर्णायक सबूत नहीं लगा, तो आखिरकार केस को अनसुलझा मानते हुए अदालत में 'अनट्रेस' रिपोर्ट दाखिल कर दी गई। अब देखना होगा कि अदालत इस रिपोर्ट को स्वीकार करती है या आगे जांच के निर्देश देती है।

# नहर पटरी पर संदिग्ध युवक से नशे से जुड़ा सामान बरामद

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22/फरवरी। थाना सदर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी चौकीमान के एएसआई आत्मा सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान कुलार पुल नहर के पास एक युवक पुलिस को देखकर घबराकर पीछे मुड़ने लगा। शक के आधार पर उसे काबू किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुरदीप सिंह उर्फ घोगा निवासी हांस कलां बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से जली हुई सिल्वर पन्नी, एक लाइटर और दस रुपये का नोट, जिसकी पाइप जैसी आकृति बनाई हुई थी, बरामद हुआ। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस चौकी में एएसआई-होमगार्ड जवान की गोली लगने से मौत, बॉर्डर के पास वारदात से बीएसएफ भी अलर्ट

पंजाब/यूटर्न/22 फरवरी। गुरदासपुर में पंजाब पुलिस की चौकी में 2 मुलाजिमों की गोली लगने से मौत हो गई। एक की डेडबॉडी कुर्सी पर तो दूसरे की चारपाई में रजाई के अंदर मिली। मौत का पता तब चला, जब चौकी में किसी ने उनका फोन नहीं उठाया।

मरने वालों में एएसआई गुरनाम सिंह और होमगार्ड जवान अशोक कुमार शामिल हैं। जिस आदियां पुलिस चौकी में इनकी लाश मिली, वह भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर से महज डेढ़ किमी दूर है। उनकी मौत करीब रात 1 बजे होने का शक जताया गया है। पुलिस की शुरूआती जांच के बाद वहां से करीब 4 खोल मिले। दोनों को गोली किसने और क्यों मारी, इसको लेकर अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। गांव के सरपंच से दोनों की मौत के बारे में पता चलते ही भारी पुलिस फोर्स वहां पहुंची। जिसके बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली गई है। फिलहाल पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है।


होमगार्ड अशोक कुमार ASI गुरनाम सिंह

## बीएसएफ अलर्ट पर

वहीं पाक बॉर्डर से नजदीक की चौकी में पुलिसकर्मियों की हत्या को लेकर बीएसएफ की अलर्ट पर है। बीएसएफ के डीआईजी एके विरदी ने चौकी पहुंचकर पूरे मामले के बारे में जानकारी ली। गुरदासपुर के एसएसपी आदित्य ने बताया कि इन दोनों पुलिसकर्मियों की ड्यूटी इसी पुलिस चौकी में थी। इनके अलावा कोई तीसरा यहां तैनात नहीं था। ऑन ड्यूटी ही उनकी गोली लगने से मौत हुई है।

## एसएचओ ने कॉल कर कहा- चौकी में जाकर देखो

आदियां गांव के सरपंच कमलजीत सिंह ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 8 बजे के एसएचओ बनारसी दास का फोन आया। एसएचओ ने उन्हें कहा कि वे काफी देर से चौकी पर फोन कर रहे हैं लेकिन कोई कॉल ही रिसीव नहीं कर रहा। अगर आप नजदीक हो तो जाकर देखना कि क्या मामला है। चौकी पर तैनात मुलाजिम वहां हैं या नहीं। अगर वहीं हैं तो फोन क्यों नहीं उठा रहे।

## एएसआई की डेडबॉडी कुर्सी पर पड़ी थी

सरपंच ने बताया कि इसके बाद आज रविवार सुबह 8 :15 बजे पुलिस चौकी पर पहुंचे। वह अंदर गए तो ऐसा लगा कि एएसआई कुर्सी पर बैठा था और दोनों जेबों में हाथ डाले हुए थे। उसके सामने कार्बाइन पड़ी थी। उन्होंने दूर से आवाज मारी लेकिन एएसआई का कोई जवाब नहीं मिला। इससे उन्हें लगा कि कहीं नींद में तो नहीं है। मगर, जब वह उसके पास गए तो देखा कि उसके कान से खून निकल रहा था और वह मर चुका था। देखने से नहीं लगता था कि उसकी मौत हो गई है।

# पाकिस्तान से चल रहे हथियार तस्कर गिरोह पर एक्शन, दो आरोपी अरेस्ट, 5 पिस्तौल व दस कारतूस बरामद

अमृतसर/यूटर्न/22 फरवरी। पंजाब पुलिस ने सीमा पार से चल रह हथियार तस्करी गिरोह गिरोह के खिलाफ बड़ा एक्शन किया है।

पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 अत्याधुनिक पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना कैंटोनमेंट अमृतसर में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से अवैध तस्करों के लिंक थे। अवैध हथियार नेटवर्क के आगे और पीछे के लिंक तलाशने के लिए आगे की जांच जारी है। पंजाब पुलिस की तरफ से इस संबंधी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट डालकर यह जानकारी दी है।




## आपराधिक तत्व को पहुंचाते थे हथियार

पुलिस मुताबिक काफी शातिर थे। पाकिस्तान में बैठे तस्करों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में थे। इन पर कोई संदेह न कर पाए। ऐसे में इन पर किसी को संदेह नही हुआ। वहीं, उनके निर्देश पर अब यह आपराधिक तत्वों को हथियारों की खेप पहुंचाने में जुटे हुए थे। पुलिस अब यह पड़ताल करने में लगी है कि आखिर इन्होंने कितने लोगों को अब तक हथियार मुहैया करवाए है।

# ट्रंप की कुर्सी पर बैठा पंजाबी युवक, सिख ब्लॉगर मैडम तुसाद म्यूजियम पहुंचा, बोला- राष्ट्रपति की फीलिंग आ रही

पंजाब/यूटर्न/22 फरवरी। पंजाब के फाजिल्का का ट्रैवल ब्लॉगर अमेरिकी राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठा दिखा। इसका वीडियो नवदीप ने अपने इंस्टा आफिशियल हेंडल से जारी किया है। नवदीप ने ट्रंप की कुर्सी पर बैठते हुए भारत के पीएम नरेंद्र मोदी का भी जिक्र किया। असल में ये वीडियो वाशिंगटन डीसी के मैडम तुसाद म्यूजियम का है। जहां व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस को हूबहू बनाया गया है। इस कुर्सी पर राष्ट्रपति के एक बार बैठने का दावा किया गया



है।असली ओवल ऑफिस में आम जनता को राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठने की परमिशन नहीं है। नवदीप ने टेबल पर रखे फोन के रिसीवर को उठाकर कहा कि जब कभी मोदी यहां ट्रंप के साथ बैठे होंगे तो ट्रंप फोन उठाकर कहते होंगे कि अभी मोदी के साथ बिजी हूं, बाद में फोन करना। 2 मिनट के करीब इस कुर्सी पर बैठने के बाद नवदीप उठा जाते हैं। कुर्सी से उठने के बाद नवदीप कहते हैं कि यहां बैठने के बाद तो मुझे ऐसी फीलिंग आ रही है कि मैं ही अमेरिका का राष्ट्रपति हूं। काफी शानदार ऑफिस है ये। यहां इसी कुर्सी पर बैठकर ट्रंप ने एक बार मीटिंग की थी। इस कुर्सी-टेबल और कमरे को कई लोगों ने वीडियोज में देखा होगा।

## नवदीप ने दिखाई ओवल ऑफिस में ट्रंप की कुर्सी

इंस्टा पर शेयर वीडियो में नवदीप अपनी लोकेशन बताते हुए कहते हैं कि वह इस समय अमेरिका के राष्ट्रपति के घर, यानी व्हाइट हाउस के अंदर ओवल ऑफिस में खड़े हैं। नवदीप ने कहा कि यह वही जगह है जहां राष्ट्रपति का मेन ऑफिस है और वह राष्ट्रपति की कुर्सी के पास मौजूद हैं। इस कुर्सी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार इस्तेमाल किया है।

# पूर्व जत्थेदार ने एसजीपीसी को दी चुनौती, 72 घंटे के नोटिस पर बोले- सच सामने लाना हमारी पंथक जिम्मेदारी है

अमृतसर/यूटर्न/22 फरवरी। अमृतसर अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार और सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जारी 72 घंटे के नोटिस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एसजीपीसी को चुनौती देते हुए कहा है कि पहले उनके उठाए गए सवालों का जवाब दिया जाए, अन्यथा वे सभी तथ्यों को संगत के सामने सार्वजनिक करेंगे।



ज्ञानी रघबीर सिंह ने बताया कि उन्होंने 18 तारीख को प्रेस क्लब जालंधर में एक प्रेसवार्ता के दौरान एसजीपीसी के भीतर कथित भ्रष्टाचार के गंभीर मुद्दे उठाए थे। इसके अगले ही दिन, 19 तारीख को एसजीपीसी की कार्यकारी बैठक में उन्हें 72 घंटे का नोटिस जारी कर दिया गया। उन्हें इस नोटिस की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली, क्योंकि उस समय वे पंजाब से बाहर थे। ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि जब संस्था के भीतर कथित तौर पर रोजाना अनियमितताएं हो रही हैं और जिन मुद्दों पर एसजीपीसी प्रधान स्वयं संगत से माफी मांग चुके हैं, ऐसे में सवाल उठाने वालों को नोटिस देना न्यायसंगत नहीं है।

## सच सामने लाना हमारी जिम्मेदारी

ज्ञानी रघबीर सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा, भ्रष्टाचार रोकना और सच सामने लाना हमारी पंथक जिम्मेदारी है। हमारी मांग सिर्फ इतनी है कि जिन सवालों को उठाया गया है, उनका जवाब एसजीपीसी 72 घंटे के भीतर दे। यदि जवाब नहीं दिया गया, तो हम हर एक तथ्य संगत के सामने रखेंगे। ज्ञानी रघबीर सिंह ने यह भी दावा किया कि उनके पास उठाए गए हर सवाल से जुड़े दस्तावेज और प्रमाण मौजूद हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पंथक संस्थाओं की पवित्रता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए है।

## क्या कहा था हेड ग्रंथी ज्ञानी रघुबीर सिंह ने

जालंधर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ज्ञानी रघुबीर सिंह ने एसजीपीसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि एसजीपीसी की जमीनों की बिक्री मनमर्जी से की जा रही है और इन सौदों में भ्रष्टाचार की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि गुरु घर की संपत्ति की रक्षा करना एसजीपीसी की जिम्मेदारी है, लेकिन मौजूदा हालात चिंता पैदा करने वाले हैं। उनके मुताबिक जमीनों के सौदों में पारदर्शिता की कमी है और कई फैसले बिना व्यापक चर्चा के लिए जा रहे हैं।

# प्रीति के बिना न ज्ञान, न कर्म, न भक्ति संभव: संत अश्वनी बेदी

लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में संस्था के प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने भक्ति, सेवा और प्रेम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने सिखाया है कि जन-सेवा भी भक्ति का ही एक रूप है और मनुष्य का प्रत्येक कार्य भगवान की पूजा के समान है। सतत परहित और सेवा में लगे रहना ही सच्ची भक्ति है। संत अश्वनी बेदी जी ने कहा कि आध्यात्मिक जगत में प्रीति या प्रेम को ही भक्ति कहा जाता है। प्रीति के बिना न ज्ञान संभव है, न कर्म और न ही भक्ति। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे झरना उसी पर्वत से निकलता है जिसमें जल होता है, वैसे ही प्रेम के बिना ज्ञान और कर्म संभव नहीं। इष्ट के प्रति गहन प्रीति ही भक्ति है, जो आत्मा को परमात्मा से जोड़ने वाला धागा बनती है। उन्होंने बताया कि शुभ कर्म, सेवा और सिमरन अलग मार्ग नहीं, बल्कि भक्ति रूपी त्रिवेणी के तीन प्रवाह हैं। सभा में राजन कपूर, अंजू कपूर, शशि गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता सहित अनेक साधक उपस्थित रहे।

# दड़वा में सनसनीखेज वारदात: पड़ोसी ने महिला की चाकू से गोदकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। गांव दड़वा में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। 35 वर्षीय महिला सीमा की कथित तौर पर उसके पड़ोसी ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके पर ही बैठा रहा और मोबाइल फोन चलाता रहा। पुलिस ने उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी विनोद पिछले करीब सात वर्षों से मृतका के पड़ोस में रह रहा था। घटना के समय महिला के दोनों बच्चे ट्यूशन पढ़ने गए हुए थे। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आया।





प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक उसने महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उस पर चाकू से कई वार कर दिए। गंभीर चोटों के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर पास में रहने वाला एक युवक महिला को बचाने के लिए घर में पहुंचा, लेकिन आरोपी ने उस पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी रणदीप ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसकी मानसिक स्थिति की भी जांच कराई जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 16 सिम, 8 मोबाइल और 1 जानलेवा साज़िश: कैसे पाक-समर्थित आतंकी साज़िश का भंडाफोड़ हुआ





चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 10 दिन चले ऑपरेशन में एक बड़ी आतंकी साज़िश को नाकाम कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया। उनमें से सात बांग्लादेशी नागरिक हैं। 7-8 फरवरी को, दिल्ली और कोलकाता के कई मेट्रो स्टेशनों पर फ्री कश्मीर और कश्मीर में नरसंहार रोको जैसे नारे वाले पोस्टर दिखे। सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया गया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को मामले की जांच के लिए भेजा गया।

## बंगाल से दो संदिग्ध गिरफ्तार

शुरूआत में पश्चिम बंगाल के मालदा से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान उमर फारूक और रोबिल उल इस्लाम के रूप में हुई। उनके मोबाइल फोन में मिले कंटेंट के आधार पर, पुलिस को तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में और संदिग्धों के छिपे होने के सुराग मिले। अगले कदम में, पुलिस ने उथुकुली से दो, पल्लादम से तीन और तिरुपुर जिले के थिरुमुरुगनपूंडी से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबात, उमर, मोहम्मद लिटन, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के तौर पर हुई है। ये सभी गारमेंट यूनिट में काम कर रहे थे और नकली आधार कार्ड का इस्तेमाल करते थे। उनके पास से आठ मोबाइल फोन और 16 सिम कार्ड बरामद किए गए।

## बांग्लादेश और पाकिस्तान से कनेक्शन

जांच में पता चला कि पूरा मॉड्यूल बांग्लादेश से मैनेज किया जा रहा था। एक हैंडलर, शब्बीर अहमद लोन, निर्देश दे रहा था। सूत्रों ने बताया कि शब्बीर को 2007 में भारत में एक आत्मघाती हमले की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उसे जेल हुई थी। जब वह बाहर आया, तो उसने भारत छोड़ दिया और छीळ में शामिल हो गया।

## शब्बीर ने अपना बेस बना पाक से किया संपर्क

शब्बीर ने बांग्लादेश में अपना बेस बनाया और पाकिस्तान से जुड़े कनेक्शन रखे। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्ध एक और बांग्लादेशी हैंडलर, सैदुल इस्लाम के भी संपर्क में थे, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह अभी किसी दूसरे देश में है। जांच एजेंसियों को आरोपियों के मोबाइल फोन से अलग-अलग जगहों की जासूसी के वीडियो और तस्वीरें मिलीं। कुछ वीडियो में हथियार खरीदने की कोशिशों के संकेत मिले। पुलिस को शक है कि ये लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में बड़े हमले की प्लानिंग कर रहे थे।

## एलईटी भारत पर हमले का बना रहा था प्लान

इंटेलिजेंस एजेंसियों ने हाल ही में बताया था कि एलईटी भारत में बड़े हमले की प्लानिंग कर रहा था। माना जा रहा है कि इस साज़िश को समय रहते नाकाम कर दिया गया। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल का यह ऑपरेशन अभी भी चल रहा है।

इस मॉड्यूल के कुछ और सदस्य फरार बताए जा रहे हैं, और कई राज्यों में रेड चल रही है। पुलिस ने कहा कि पोस्टर वाली घटना से पूरे नेटवर्क के बारे में सुराग मिले, और धीरे-धीरे पूरे मॉड्यूल का भंडाफोड़ हो गया। सभी आरोपियों को आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। पुलिस फंडिंग, विदेशी कनेक्शन और संभावित टारगेट की जांच कर रही है।

# महिला डॉक्टर से 12.77 लाख की साइबर ठगी: तीन विदेशी आरोपियों को नियमित जमानत

मोहाली/यूटर्न/22 फरवरी। साइबर ठगी के एक चर्चित मामले में अदालत ने तीन नाइजीरियाई नागरिकों को नियमित जमानत दे दी है। आरोप है कि इन लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए एक महिला डॉक्टर को उपहार भेजने का झांसा देकर करीब 12.77 लाख रुपये ठग लिए थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने प्रत्येक आरोपी को 50 हजार रुपये के जमानती बॉन्ड और इतनी ही राशि के एक जमानतदार की शर्त पर राहत दी। अदालत ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि तीनों आरोपी एक वर्ष से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं और मामले का ट्रायल अभी लंबा चल सकता है। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, इसलिए आरोपियों को अनिश्चितकाल तक जेल में रखना उचित नहीं है। जिन आरोपियों को जमानत मिली है, उनमें बेनेडिक्ट इमैनुएल उयाह, इसाह दनलामी अदामु और ओन्येगबुनके शामिल हैं। तीनों फिलहाल ग्रेटर नोएडा में रह रहे थे। इनके खिलाफ जनवरी 2025 में फेज-7 स्थित साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने इंस्टाग्राम और मोबाइल कॉल्स के माध्यम से डॉक्टर सविता सिंह से संपर्क किया। उन्हें विदेश से महंगे गिफ्ट और पार्सल भेजने का झांसा दिया गया और कस्टम क्लियरेंस व अन्य शुल्क के नाम पर किस्तों में 12,77,999 रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान 80 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप और एक प्रिंटर भी बरामद किया गया था। पुलिस का कहना है कि नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रहा था और इसकी कड़ियां अन्य राज्यों से भी जुड़ी हो सकती हैं। फिलहाल तीनों आरोपी जमानत पर रिहा होंगे, जबकि मामले की सुनवाई अदालत में जारी रहेगी।

# बल शिव मंदिर में भव्य धर्म सम्मेलन, बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु



चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। सेक्टर-29 स्थित बल शिव मंदिर परिसर में रविवार को विशाल धर्म सम्मेलन का आयोजन भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे परिसर में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभावना का उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक श्री रामगोपाल जी ने संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में समाज में संगठन, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता के माध्यम से ही राष्ट्र सशक्त बन सकता है। इस अवसर पर डॉ. गिरीश सचदेवा ने गुरु तेग बहादुर जी की महान शहादत को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके संबोधन के दौरान उपस्थित जनसमूह भावुक हो उठा। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत भक्ति संगीत और देशभक्ति गीतों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। इन प्रस्तुतियों को श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। समारोह में भाजपा नेता श्री देविंदर बबला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। धर्म सम्मेलन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेक्टर-29 की विभिन्न आरडब्ल्यूए और क्षेत्र के मंदिरों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम की जानकारी नरेश अरोड़ा ने दी और मंच संचालन भी उन्होंने ही कुशलतापूर्वक किया। आयोजन समिति के सदस्यों राज अग्रवाल, राकेश चौधरी, सुशील पांडे, हरीश छाबड़ा, नरेश कोहली, अरुण कुमार, नलिन जैन, तुकाराम पंडित, होशियार सिंह, सुरभि ठाकुर, राजरानी, दीपक शर्मा, अंकुश गुप्ता, बृजमोहन खत्री, शौर्य ठाकुर, मनीष कुमार, एडवोकेट रूपेश तथा कश्मीर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।

# जालंधर में शिकायत पर कार्रवाई न करने पर महिला के एसएचओ पर गंभीर आरोप, बोली - अधिकारी ऑलरेडी बिके हैं

जालंधर/यूटर्न/22 फरवरी। जालंधर में थाना-6 के थाना प्रभारी पर कई गंभीर आरोप लगाए और उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब वह अपनी शिकायत के बारे में पूछने थाने पहुंची तो थाना प्रभारी ने कहा कि दूसरे पक्ष से संपर्क किया गया है। महिला ने कहा कि ये एसएओ रविंद्र कुमार ऑलरेडी खरीदे हुए हैं। इनको पीछे से राजन नारायण का फोन आया है। पता नहीं कितने में बिके हैं। 100 में बिके हैं या लाख में बिके हैं। यह यही जानते हैं। अगर सच्चे हैं, तो



जवाब दें। उधर, थाना-6 प्रभारी रविंदर कुमार ने कहा कि महिला ने उन्हें दूसरे पक्ष के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी। शिकायत देने के बाद महिला यह मांग कर रही थी कि दूसरे पक्ष से कॉल पर लाउडस्पीकर के सामने बात की जाए और उसे तुरंत थाने बुलाकर जेल में डाला जाए। समझाने के बाद महिला घर चली गई। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि महिला की शिकायत क्या है।

## समझाने के बाद घर गई

## महिला - एसएचओ

इस पूरे मामले को लेकर थाना-6 के प्रभारी रविंदर कुमार ने कहा कि महिला ने उन्हें दूसरे पक्ष के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी। शिकायत देने पर महिला की मांग थी कि दूसरे पक्ष से कॉल पर लाउडस्पीकर के सामने बात की जाए और उसे तुरंत थाने बुलाकर जेल में डाला जाए। प्रभारी रविंदर कुमार के अनुसार, उन्होंने महिला को समझाया कि हर प्रक्रिया का एक प्रोटोकॉल होता है। इसके बाद महिला थाने से चली गई। उन्होंने बताया कि उनकी टीम मामले की जांच में जुटी हुई है और शिकायत के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बीसीएम व्हिम्सिकल वंडरलैंड - बीसीएम आर्य स्कूल, लालटों में भव्य उत्सव



लुधियाना, यूटर्न, 22 फरवरी। बीसीएम आर्य स्कूल, लालटों में आयोजित 'बीसीएम व्हिम्सिकल वंडरलैंड' कार्निवल उल्लास और उत्साह से भरपूर रहा। पूरे विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित कर उत्सवमय रूप दिया गया, जहां विद्यार्थियों, अभिभावकों और विशिष्ट अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या श्रीमती कृतिका सेठ के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर आर्य समाज समूह की निदेशक डॉ. परमजीत कौर, स्कूल मैनेजर श्री संजय खोसला तथा प्रबंधन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन मीरा नागपाल ने प्रभावशाली ढंग से किया। विद्यार्थियों ने मनमोहक गायन और नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कला प्रतियोगिता में उनकी रचनात्मकता झलकी। फन जोन में रोमांचक खेल, झूले, जादू शो और कठपुतली प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहे। अभिभावकों के लिए आयोजित तंबोला ने विशेष उत्साह पैदा किया। प्रदर्शनी स्टॉलों पर ज्वेलरी, डिजाइनर सूट और अन्य उत्पादों ने ध्यान खींचा, जबकि फूड कॉर्नर में स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। लकी ड्रा में आकर्षक उपहार दिए गए। कार्निवल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी के लिए यादगार बन गया।

# मोहाली में वेलकम होटल का उद्घाटन, प्रीमियम आतिथ्य क्षेत्र को मिलेगा नया आयाम

मोहाली/यूटर्न/22 फरवरी। पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने शुक्रवार शाम मोहालीझ्रचंडीगढ़ स्थित वेलकमहोटल बाय आईटीसी होटल्स का औपचारिक उद्घाटन किया।

रिबन काटकर और पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ होटल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आईटीसी होटल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल चड्ढा, गुज्राल ग्रुप के प्रबंध निदेशक भूपिंदर सिंह गुज्राल और गगनजीत सिंह गुज्राल सहित कई उद्योग जगत की हस्तियां मौजूद




रहीं। मंत्री अरोड़ा ने कहा कि आईटी सिटी, एयरोसिटी, स्वास्थ्य संस्थानों और शैक्षणिक केंद्रों के विस्तार के साथ मोहाली उत्तर भारत के तेजी से उभरते आर्थिक हब के रूप में सामने आ रहा है। बढ़ती घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आवाजाही के मद्देनजर उच्च गुणवत्ता वाले होटल कमरों की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पारदर्शी नीतियों और निवेश अनुकूल वातावरण के जरिए आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आतिथ्य क्षेत्र रोजगार सृजन, एमएसएमई को सहयोग और पर्यटन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाता है।

आईटीसी होटल्स और गुज्राल ग्रुप ने पंजाब सरकार के सहयोग के लिए आभार जताते हुए मोहाली को प्रीमियम आतिथ्य निवेश के लिए आदर्श बताया। उद्घाटन समारोह स्मृति-चिन्ह भेंट के साथ संपन्न हुआ।




# मंडी बोर्ड के रिहायशी इलाके में अवैध कमर्शियल निर्माण, शिकायत करने के बावजूद काम रुकने की जगह एक मंजिल और बनी

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/22 फरवरी। लुधियाना महानगर के बहादुरके रोड़ नजदीक स्थित न्यू दाना मंडी की रिहायशी कॉलोनी में हो रहे अवैध कमर्शियल निर्माण अब स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। इस क्षेत्र में बनाए जा रहे बहुमंज़िला ढांचों को लेकर नियमों के उल्लंघन की शिकायतें पहले से ही प्रशासन के समक्ष लंबित हैं, इसके बावजूद निर्माण कार्य न केवल जारी है, बल्कि शिकायत के बाद इन्हें और ऊँचा कर दिया गया है। चर्चा है कि पंजाब मंडी बोर्ड के अधीन आते इस एरिया में मिलीभगत के साथ अवैध निर्माण किया जा रहा है। इस अवैध निर्माण को लेकर जनवरी 2026 में जब पहली बार मंडी बोर्ड को शिकायत दर्ज कराई गई थी, उस समय ये बिल्डिंग तीन मंजिल तक बनी थी। शिकायत करने के बाद निर्माण कार्य रुकने की जगह और तेज हो गया। जिसके बाद अब चौथी मंजिल भी डाल दी गई है। चर्चा है कि इस अवैध कार्य को लेकर भारी भरकम रिश्वत का खेल चला है।




**रिहायशी क्षेत्र में कमर्शियल निर्माण...** यह पूरा मामला न्यू दाना मंडी के एक रिहायशी क्षेत्र से संबंधित है। स्वीकृत लेआउट प्लान के अनुसार यह क्षेत्र पूरी तरह रिहायशी श्रेणी में आता है, जहाँ किसी भी प्रकार का कमर्शियल निर्माण प्रतिबंधित है। नियमों के अनुसार इन रिहायशी प्लॉटो पर न तो व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति है और न ही किसी भी स्थिति में चेंज ऑफ लैंड यूज दिया जा सकता है। इसके बावजूद जिस प्रकार बहुमंज़िला ढांचों का निर्माण किया जा रहा है, वह नियमों की खुली अवहेलना को दशार्ता है।

**शिकायत के बाद भी नहीं रुका निर्माण....** स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने जनवरी 2026 में इन अवैध निमार्णों को लेकर संबंधित अधिकारियों और पंजाब मंडी बोर्ड के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद न तो किसी प्रकार का स्टॉप-वर्क नोटिस जारी हआ और न ही मौके पर कोई कार्रवाई की गई। हैरानी की बात यह है कि शिकायत लंबित रहने के दौरान निर्माण कार्य और तेजी से आगे बढ़ाया गया और अब ये निर्माण चार मंज़िल तक खड़े कर दिए गए हैं। यह स्थिति प्रशासनिक निष्क्रियता या लापरवाही की ओर इशारा करती है।

**शांतिपूर्ण जीवन पर सीधा प्रभाव...** इलाका निवासियों अनुसार यदि ये निर्माण व्यावसायिक रूप से संचालित किए गए तो इसका सीधा असर पूरे क्षेत्र के लोगों के जीवन पर पड़ेगा। दिन-रात मशीनों, जेनरेटर और लोडिंग-अनलोडिंग के कारण शोर बढ़ेगा, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और बुजुर्गों व बीमार लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रिहायशी गलियों में कमर्शियल वाहनों की आवाजाही से ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या भी उत्पन्न होगी, जिससे आपात स्थितियों में भारी जोखिम पैदा हो सकता है।

**इलाका निवासियों ने दी चेतावनी...** न्यू दाना मंडी के निवासियों ने स्पष्ट किया है कि यदि अब भी अवैध निमार्णों के विरुद्ध मंडी बोर्ड द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इस मामले को मानवाधिकार आयोग के समक्ष अलग से उठाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर माननीय उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएंगे। उनका कहना है कि वे अपने रिहायशी क्षेत्र के स्वरूप और अपने अधिकारों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे।

**प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल...** सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शिकायत पहले ही दर्ज की जा चुकी थी, तब इन निमार्णों को आगे बढ़ने से क्यों नहीं रोका गया। शिकायत के बाद भी बिल्डिंग चार मंजिलां बनना यह संकेत देता है कि या तो नियमों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा या फिर किसी स्तर पर मिलीभगत हो सकती है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि यह स्पष्ट किया जाए कि किसकी अनुमति से ये निर्माण आगे बढ़ाए गए।

**सिविल विभाग के जरिए लिया ...** जाएगा एक्शन वहीं मंडी बोर्ड के सुपरवाइजर गगनप्रीत सिंह का कहना है कि मामला उनके ध्यान में आया है। जिसे लेकर मंडी बोर्ड के सिविल विभाग के साथ संपर्क करके कार्रवाई करवाई जा रही है।

# वैल्यू लाइफ फाउंडेशन व सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के सहयोग से चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस की बाइक रैली, सड़क सुरक्षा का संदेश





चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने वैल्यू लाइफ फाउंडेशन और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्रा. लि. के सहयोग से बाइक रैली और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, आईजी पुष्पेंद्र कुमार, एसएसपी (सिक्योरिटी एवं ट्रैफिक) सुमेर प्रताप सिंह और डीएसपी/ट्रैफिक श्री प्रकाश के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बाइक रैली सुबह सुखना लेक से शुरू होकर सेक्टर-17 प्लाजा पर समाप्त हुई, जिसमें करीब 20 मोटरसाइकिल सवारों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने आईएसआई मार्का हेलमेट व सुरक्षा उपकरण पहनकर जिम्मेदार ड्राइविंग का संदेश दिया। रैली के दौरान हेलमेट अनिवार्यता, लेन अनुशासन, गुड समेरिटन दिशा-निर्देश और आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने संबंधी जागरूकता सामग्री वितरित की गई तथा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। रोज फेस्टिवल के दौरान सेक्टर-16 रोज गार्डन और सेक्टर-10 लेजर वैली में भी विशेष अभियान चलाया गया। प्रदर्शनी वैन, शैक्षणिक वीडियो और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मोटर वाहन अधिनियम और संबंधित नियमों के प्रमुख प्रावधान समझाते हुए शहर को शून्य सड़क दुर्घटना मृत्यु दर वाला मॉडल सिटी बनाने का संकल्प दोहराया।

# समाज को बचाना है तो डॉक्टरों को बचाना होगा: जस्टिस राजेश बिंदल





चंडीगढ/यूटर्न/22 फरवरी। चंडीगढ के सेक्टर-35 स्थित आईएमए कॉम्प्लेक्स में रविवार को मेडिकोस लीगल एक्शन ग्रुप (MLAG) का 12वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से करीब 300 डॉक्टरों, कानूनी विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा, 'यदि समाज को बचाना है तो डॉक्टरों को बचाना होगा।' उन्होंने भयमुक्त चिकित्सा प्रैक्टिस की आवश्यकता पर जोर देते हुए डिफेंसिव मेडिसिन की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। न्यायमूर्ति बिंदल ने मेडिको-लीगल विवादों में सटीक डॉक्यूमेंटेशन, पारदर्शी संवाद और प्रोटोकॉल के पालन को अत्यंत आवश्यक बताया। एमएलएजी के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. नीरज नागपाल ने बताया कि सम्मेलन का विषय "Achieving Litigation-Free Practice" था। इस अवसर पर टछअत्रडॉ. टी. सेतु लक्ष्मी अवॉर्ड 2026 महेंद्र बाजपेयी को प्रदान किया गया। गेस्ट ऑफ ऑनर श्रुति बेदी ने डॉक्टरों को 'संवैधानिक एक्टर्स' बताते हुए नैतिक व कानूनी जिम्मेदारी निभाने पर बल दिया। सम्मेलन में लाइव सर्जरी की वैधता, संस्थागत जवाबदेही और एमबीबीएस सीटों के विस्तार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए विशेष कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं।

# सेक्टर 56, वार्ड नंबर 29 में भव्य जन-कल्याण सेवा शिविर, लगभग 900 नागरिकों ने उठाया लाभ






चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'सेवा ही संकल्प' अभियान के अंतर्गत सेक्टर 56, वार्ड नंबर 29 में दो दिवसीय भव्य जन-कल्याण सेवा शिविर का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। यह शिविर चंडीगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के मार्गदर्शन तथा मंडल अध्यक्ष रमेश चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रदेश सचिव सोनिया दुग्गल रहीं और आईटी सेल से मदन ने तकनीकी एवं व्यवस्थागत सहयोग प्रदान किया। जिला अध्यक्ष रेखा सूद, युवा मोर्चा महामंत्री प्रिय पासवान, राजेश पासवान तथा मंडल की पूरी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शिविर आमजन को केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 900 से अधिक लोगों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर स्थल पर सुबह से ही नागरिकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो इस पहल के प्रति लोगों के विश्वास और उत्साह को दर्शाती हैं। कार्यकताओं एवं स्वयंसेवकों ने अनुशासित और सुव्यवस्थित ढंग से प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड, आभा हेल्थ कार्ड और ई-श्रम कार्ड मौके पर ही बनाए गए।

# सेक्टर 31 थाना पुलिस ने हत्या के मामले में एक और आरोपी को दबोचा

अजीत झा




चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। चंडीगढ़ पुलिस ने हत्या के सनसनीखेज मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यूटी चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में थाना सेक्टर-31 की टीम ने यह कार्रवाई की। टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने किया। पुलिस ने आज आरोपी विजेंद्र कुमार उर्फ टुडो को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-31 में दर्ज एफआईआर नंबर 23 दिनांक 06.02.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (इठर) 2023 की धारा 115(2), 140(3), 142, 3(5) व 103 के तहत मामला दर्ज है।

## ऐसे हुआ था वारदात का खुलासा

पुलिस के अनुसार 5 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 :20 बजे वायरलेस के माध्यम से सूचना मिली कि हल्लोमाजरा स्थित दीप कॉम्प्लेक्स में एक व्यक्ति को गंभीर समस्या है। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को शिकायतकर्ता विजय कुमार हल्लोमाजरा ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार सुशील उर्फ साहिल के साथ मारुति अर्टिगा कार (टैक्सी) में निजी कार्य से पिहोवा (अंबाला) गए थे। शाम को लौटने पर साहिल ने उन्हें रविदास मंदिर, हल्लोमाजरा के पास उतार दिया। कुछ समय बाद उन्होंने देखा कि 3-4 युवक मोटरसाइकिलों पर आए और साहिल को कार से जबरन बाहर निकालकर अगवा कर ले गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि सुशील की कार से पहले एक हादसा हुआ था, जिसमें मनप्रीत (आरोपी अनिल का भाई) की मौत हो गई थी। इस मामले में थाना जीरकपुर में एफआईआर नंबर 546/2025 धारा 281 व 106 बीएनएस के तहत केस दर्ज है। पुलिस के अनुसार उसी रंजिश में आरोपी अनिल और उसके साथियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। जांच के दौरान पता चला कि अपहरण के बाद आरोपियों ने साहिल को प्रीत कॉलोनी, जीरकपुर ले जाकर बेरहमी से पीटा। बाद में उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## पहले भी हो चुकी हैं गिरफ्तारियां

मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें मोहित, रजनीश कुमार उर्फ अड्डी उर्फ किलविश, रमन सिंह उर्फ नेगी और शेमल सिंह शामिल हैं। इन आरोपियों को 7 फरवरी और 19 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

# चंडीगढ़ के हिंदी शिक्षक साहित्यकार डॉक्टर संदीप कुमार को हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन ने किया सम्मानित




नई दिल्ली/चंडीगढ़/यूटर्न/22 फरवरी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं रक्षा मंत्रालय व विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली ने 22 फरवरी को सी. डी. देशमुख ऑडिटोरियम, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड सम्मान समारोह में द् न्यू पब्लिक स्कूल, सेक्टर 18 बी, चंडीगढ़ के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक व साहित्यकार डॉक्टर संदीप कुमार को अमृत काल एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वरचित मौलिक उत्कृष्ट काव्य-रचना के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशस्ति पत्र एवं अमृत कुंभ सम्मान 2025 से सम्मानित किया है डॉक्टर संदीप कुमार को यह सम्मान नई दिल्ली व भारत के अन्य प्रदेशों की गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति में प्राप्त हुआ है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372